निदेशक, राष्ट्रीय बैंक प्रबन्धन संस्थान (एनआईबीएम) की नियुक्ति

स्वायत्तशासी शीर्ष संस्था के रूप में राष्ट्रीय बैंक प्रबन्धन संस्थान (एनआईबीएम), पुणे की स्थापना 1969 में भारत सरकार के परामर्श से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा की गई थी, तथा इसे बैंकिंग प्रणाली के लिए 'थिंक टैन्क' की सक्रिय भूमिका निभाने का दायित्व दिया गया। एनआईबीएम को पुणे विद्यापीठ तथा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्नातकोत्तर शोध हेतु अनुमोदित केन्द्र के रूप में मान्यता दी गई है। इस समय डॉक्टोरल शोध निबन्ध के लिए इस संस्थान के संकाय सदस्यों की देखरेख में पीएच.डी के बहुत से छात्र/छात्राओं ने पंजीकरण कराया हुआ है।

इस संस्थान को एक निदेशक चाहिए जो कि इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी होंगे। वे इस संस्थान पर सामान्य निगरानी रखने के साथ-साथ इसके कार्यों पर नियंत्रण भी रखेंगे और गवर्निंग बोर्ड के निर्णयों को लागू करने का कार्य करेंगे। इस पद के लिए महत्वपूर्ण अपेक्षा यह है कि व्यक्ति में अद्वितीय नेतृत्व गुण और संस्थान के भावी विकास के लिए दक्षता तथा कार्यनीति के लिए सुस्पष्ट दृष्टि के साथ-साथ संस्थान के निर्धारित उद्देश्यों को आगे ले जाने, स्टाफ तथा छात्र/छात्राओं को उत्साहित करने, प्रेरणा देने, और प्रोत्साहित करने की क्षमता होनी चाहिए। इसके लिए अनुभवी बैंकर या निपुण शिक्षाविद-प्रशासक सर्वोत्तम उम्मीदवार होंगे।

संस्थान के निदेशक को आईआईएम और आईआईटी के निदेशकों के समतुल्य वेतनमान और अन्य सुविधाएं दी जाती हैं। निदेशक की नियुक्ति तीन से पाँच वर्ष की अवधि (अधिकतम 65 वर्ष की उम्र) के लिए होगी।

आवेदक वर्तमान में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में कम-से-कम महाप्रबन्धक के समकक्ष पद पर या किसी अकादमिक संस्थान में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हों या पहले कार्य कर चुके हों। आवेदक की उम्र 50 से 62 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

विस्तृत जीवनवृत्त के साथ आवेदन mailto:searchnibm@rbi.org.in पर ईमेल से भेजा जाए या डाक से एनआईबीएम सर्च समिति - द्वारा: मानव संसाधन प्रबंध विभाग, 20वीं मंजिल, भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुम्बई-400001 को **04 अक्तूबर 2013** तक भिजवाया जाए। सर्च समिति को इस पद पर आमंत्रण करके नियुक्ति करने का अधिकार है।